  आपके रेफ़्रिजरेटर में किस रेफ़्रिजरेंट का उपयोग किया गया है यह देखने के लिए उपकरण के पीछे लगे कंप्रेसर लेबल या फ़्रिज के अंदर लगे रेटिंग लेबल को देखें।
  चूँकि इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस (रेफ़्रिजरेंट R-600a) मौजूद है, इसलिए इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करें।

महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रतीक और सावधानियाँ:

चेतावनी	खतरे या असुरक्षित व्यवहार जिनसे व्यक्ति को गंभीर चोट लग सकती है या मृत्यु हो सकती है।
सावधानी	खतरे या असुरक्षित व्यवहार जिनसे व्यक्ति को हल्की चोट लग सकती है या संपत्ति की क्षति हो सकती है।

	इसका प्रयास न करें।
	इसे खोलें नहीं।
	इसे स्पर्श न करें।
	निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।
	दीवार के सॉकेट से बिजली के प्लग को निकाल दें।
	बिजली के झटके से बचने के लिए सुनिश्चित करें की मशीन स्थिर है।
	सहायता के लिए संपर्क केंद्र पर कॉल करें।
	नोट।

DA68-03199A-00.indb 3 2014. 11. 7. 9:00

ये चेतावनी संकेत आपको और दूसरों को चोट लगने से बचाने के लिए यहाँ मौजूद हैं।
कृपया उनका सावधानी से पालन करें।
इस खंड को पढ़ने के बाद, भावी संदर्भ के लिए उसे किसी सुरक्षित जगह पर रखें।

⚠ चेतावनी स्थापना के लिए गंभीर चेतावनी संकेत

- एकाधिक पावर बोर्ड में अनेक उपकरणों के प्लग न लगाएँ।
  रेफ्रिजरेटर का प्लग हमेशा अपने अलग बिजली के आउटलेट में लगा होना चाहिए जिसकी वोल्टेज रेटिंग, रेटिंग प्लेट से मेल खाती हो।

- इससे सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन मिलता है और इससे घर का वायरिंग सर्किट ओवरलोड होने से भी बचता है, जिससे अत्यधिक गर्म तारों से आग का खतरा हो सकता है।

- यदि दीवार का सॉकेट ढीला हो, तो उसमें पावर प्लग न लगाएँ।

- इससे बिजली के झटके या आग का जोखिम होता है।

- ऐसे किसी तार का उपयोग न करें जिसकी पूरी लंबाई या किसी छोर में दरारें या घर्षण क्षति नजर आ रही हो।

- बिजली के तार को अधिक न मोड़ें या इस पर कोई भारी चीज न रख दें।

- रेफ्रिजरेटर के पास ऐरोसॉल्स का उपयोग न करें।

- रेफ्रिजरेटर के पास ऐयरोसोल्स का उपयोग करने से विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है।

- तार को नीचे लटकाकर बिजली के प्लग को उचित स्थिति में कनेक्ट करें।

- अगर आप बिजली के प्लग को उल्टा लगाते हैं, तो तार कट सकता है और आग या बिजली का झटका लग सकता है।

- रेफ्रिजरेटर के पिछले हिस्से द्वारा बिजली के प्लग का कुचलना या क्षतिग्रस्त न होना सुनिश्चित करें।

- रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलने के दौरान, बिजली के तार को क्षतिग्रस्त न होने दें।

- इससे आग का जोखिम हो सकता है।

- इस उपकरण को इस प्रकार अवस्थित करना चाहिए कि वह पॉवर प्लग के लिए सुलभ हो।

- ऐसा करने में विफल रहने पर विद्युत रिसाव के कारण बिजली का झटका लग सकता है या आग लग सकती है।

DA68-03199A-00.indb 4 2014. 11. 7. 9:00

• इस उपकरण को उचित रूप से भूग्रस्त या ग्राउंड करना चाहिए।

• उपकरण को किसी गैस पाइप, पानी के प्लास्टिक पाइप, या टेलीफ़ोन लाइन के साथ ग्राउंड न करें।

- बिजली के लीकेज को रोकने या रेफ़्रिजरेटर से वर्तमान लीकेज के कारण बिजली के झटके से बचने के लिए आपको रेफ़्रिजरेटर को ग्राउंड कर देना चाहिए।
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका, आग, विस्फोट, या उत्पाद संबंधी समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।
- पॉवर कॉर्ड के प्लग को कभी ऐसे सॉकेट में न लगाएँ जो सही ढंग से ग्राउंडेड नहीं है और सुनिश्चित करें कि वह स्थानीय और राष्ट्रीय कोड के अनुसार है।

• आपूर्ति कोड को क्षति पहुँचने पर, किसी दुर्घटना से बचने के लिए इसे निर्माता, इसके सेवा एजेंट या समान योग्यता वाले व्यक्ति द्वारा बदल दिया जाना चाहिए।

• रेफ़्रिजरेटर पर लगा फ्यूज़ योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी द्वारा ही बदला जाना चाहिए।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या निजी चोट लग सकती है।

⚠ चेतावनी उपयोग के लिए गंभीर चेतावनी संकेत

• गीले हाथों से बिजली का प्लग न छुएँ।

- इसके कारण बिजली का झटका लग सकता है।

• उपकरण के ऊपर कोई सामान न रखें।

- जब आप दरवाजा खोलते या बंद करते हैं, तो सामान गिर सकते हैं तथा उससे शारीरिक चोट लग सकती है और/या उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकता है।

• पानी से भरा कंटेनर रेफ़्रिजरेटर पर न रखें।

- इसके छलकने से आग या बिजली के झटके का खतरा हो सकता है।

• बच्चों पर नज़र रखनी चाहिए ताकि सुनिश्चित हो कि वे उपकरण के साथ न खेलें।

• उँगलियों को “दबने वाली” जगहों से दूर रखें : दरवाज़े और कैबिनेट के बीच की खाली जगह बहुत कम है। जब बच्चे आस-पास हों, तो दरवाज़े खोलने में सावधानी बरतें।

• बच्चों को दरवाजे से लटकने न दें। अन्यथा, गंभीर चोट लग सकती है।

• बच्चों के फँसने का ख़तरा है।
बच्चों को रेफ़्रिजरेटर के अंदर प्रवेश न करने दें।

• फ़्रिज में अस्थिर या ज्वलनशील वस्तुओं या पदार्थों (बेन्ज़ीन, थिनर, प्रोपेन गैस, शराब, ईथर, एल.पी. गैस और अन्य तरह के उत्पाद आदि) न रखें।

- यह रेफ़्रिजरेटर केवल भोजन के भंडारण के लिए है।
- इसके कारण आग लग सकती है या विस्फोट हो सकता है।

DA68-03199A-00.indb 5 2014. 11. 7. 9:00

- रेफ़्रिजरेटर के अंदर बिजली के उपकरण को न रखें या उनका उपयोग न करें, बशर्ते कि वे निर्माता द्वारा अनुशंसित श्रेणी के हों।
- रेफ़्रिजरेटर के अंदरूनी हिस्से को सूखाने के लिए हेयर ड्रायर का उपयोग न करें। दुर्गंध हटाने के लिए रेफ़्रिजरेटर के अंदर जलती मोमबत्ती न रखें।

- इसके कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।

- गीले हाथों से फ़्रीजर के अंदरूनी दीवारों या फ़्रीजर में रखे उत्पादों को न छुएँ।

- इससे शीतदंश हो सकता है।

- विहिमीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा अनुशंसित मशीनी उपकरण या किसी दूसरे उपाय के अलावा किसी अन्य उपकरण या उपाय का उपयोग न करें।
- प्रशीतक सर्किट को क्षति न पहुँचाएँ।
- पानी की टंकी, पानी के क्यूब केवल पीने-योग्य पानी से ही भरें।

- यह उत्पाद घरेलू परिवेश में केवल खाद्य पदार्थ के भंडारण के लिए नियत है।
- बोतलों को एकदम सटाकर रखना चाहिए ताकि वे गिर न जाएँ।
- फ़्रिज के नीचे या पीछे हाथ, पैर या धातु की वस्तुएँ (जैसे कि चॉपस्टिक आदि) न डालें।

- इसके कारण बिजली का झटका या चोट लग सकती है।

- नुकीले किनारों से शारीरिक चोट लग सकती है।

- अपने आप उपकरण की मरम्मत, उसे खोलने या कुछ बदलने का प्रयास न करें।

- मानक फ्यूज़ के अलावा अन्य किसी फ्यूज़ (जैसे कि ताँबा, स्टील का तार आदि) का उपयोग न करें।

- जब उपकरण की मरम्मत या उसे पुनर्स्थापित करने की ज़रूरत हो, तो अपने निकटतम सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका, आग, उत्पाद की समस्याएँ हो सकती हैं या चोट लग सकती है।

DA68-03199A-00.indb 6 2014. 11. 7. 9:00

- यदि उपकरण अजीब आवाज़, जलन या गंध या धुआँ पैदा करता है, तो तत्काल बिजली प्लग निकालें और अपने निकटतम सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली या आग के जोखिम हो सकते हैं।

- रेफ़्रिजरेटर की अंदरूनी लाइट बदलने से पहले बिजली के प्लग को सॉकेट से बाहर खींच लें।

- अन्यथा इससे बिजली के झटके का खतरा होता है।

- अगर रेफ़्रिजरेटर में धूल या पानी है, तो बिजली के प्लग को निकाल दें और अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- अन्यथा आग लगने का जोखिम बना रहता है।

सावधानी संस्थापन के लिए सावधानी संकेत

- उपकरण की अंदरूनी जगह या आधार संरचना में मौजूद वायुसंचार छिद्र में किसी भी तरह की रुकावट न आने दें।

- उपकरण की स्थापना के बाद खाद्य पदार्थ लोड करने और उपकरण को चालू करने से पहले 2 घंटे के लिए उसे खड़ा रखें।

- इस उपकरण की स्थापना या किसी प्रकार की मरम्मत, योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी से कराने की अनुशंसा की जाती है।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका लग सकता है, आग लग सकती है, विस्फोट हो सकता है, उत्पाद में समस्याएँ हो सकती हैं या चोट लग सकती है।

DA68-03199A-00.indb 7 2014. 11. 7. 9:00

⚠ सावधानी उपयोग के लिए सावधानी संकेत

★ • स्थापना के बाद उपकरण को 2 घंटे तक खड़ा रहने दें।

• उत्पाद से सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन पाने के लिए,

- खाद्य पदार्थों को उपकरण के पिछले भाग में निकासों के सामने, बहुत पास न रखें क्योंकि इससे रेफ़्रिजरेटर कंपार्टमेंट में निर्बाध वायु संचार अवरुद्ध हो सकता है।
- भोजन को रेफ़्रिजरेटर में रखने से पहले उचित तरीके से ढकें या किसी वायुरुद्ध पात्र में रखें।
- तुरंत बनाए गए भोजन को फ़्रीज़ करने के लिए पहले से मौजूद भोजन के पास न रखें।

• फ़्रीज़र में काँच की बोतलें या कार्बोनेटेड पेय न रखें।

- कंटेनर फ़्रीज़ होकर टूट सकता है, और इसके परिणामस्वरूप चोट लग सकती है।

• कृपया जमे हुए सामानों के अधिकतम संग्रहण समय और समाप्ति तिथियों का ध्यान रखें।

• यदि आप तीन से कम सप्ताह के लिए बाहर जा रहे हों, तो रेफ़्रिजरेटर को बिजली की आपूर्ति से डिस्कनेक्ट करने की कोई ज़रूरत नहीं है। लेकिन, तीन सप्ताह या अधिक समय के लिए आप बाहर जा रहे हों, तो सारा खाने का सामान हटाएँ।
प्लग हटाएँ और फ़्रिज को साफ़ करें, धोएँ और सुखाएँ।

⚠ सावधानी सफाई और रखरखाव के लिए सावधानी संकेत

★ • उपकरण में सीधे पानी छिड़कते हुए उसकी सफ़ाई न करें।

• साफ़ करने के लिए बेन्ज़ीन, थिनर या Clorox™ का उपयोग न करें।

- वे उपकरण की सतह को क्षति पहुँचा सकते हैं और आग लगा सकते हैं।

• रेफ़्रिजरेटर के पास ज्वलनशील गैस का स्प्रे न करें।

- विस्फ़ोट होने या आग लगने का जोखिम है।

• नियमित आधार पर एक सूखे कपड़े का उपयोग करते हुए बिजली के प्लग टर्मिनलों और संपर्क बिंदुओं से धूल या पानी जैसे सभी बाहरी तत्वों को हटाएँ।

- बिजली का प्लग बाहर निकालें और उसे सूखे कपड़े से साफ़ करें।
- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या आग लग सकती है।

• सफाई या रखरखाव क्रियान्वित करने से पहले, दीवार सॉकेट से उपकरण का प्लग बाहर निकालें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या आग लग सकती है।

DA68-03199A-00.indb 8 2014. 11. 7. 9:00

⚠ चेतावनी निपटान के लिए गंभीर चेतावनी संकेत

★ • शेल्फ़ को सही जगह रखें ताकि बच्चे आसानी से अंदर न चढ़ सकें।

- निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे लगे कोई पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है।
- रेफ्रिजरेंट के रूप में R-600a या R-134a का उपयोग किया गया है।
  आपके रेफ्रिजरेटर में किस रेफ्रिजरेंट का उपयोग किया गया है यह देखने के लिए उपकरण के पीछे लगे कंप्रेसर लेबल या रेफ्रिजरेटर के अंदर लगे रेटिंग लेबल को देखें।
  चूँकि इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस (रेफ्रिजरेंट R-600a) मौजूद है, इसलिए इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करें। रोधन को उड़ाने वाली गैस के रूप में साइक्लोपेंटेन का उपयोग किया गया है।
  रोधन सामग्री में स्थित गैसों के निपटान के लिए विशेष निपटान प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। इस उत्पाद के पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित निपाटन के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकरणों से संपर्क करें।
  निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे लगे कोई पाइप क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
  पाइपों को खुले स्थान पर तोड़ा जाना चाहिए।
- इस या अन्य रेफ्रिजरेटर/रों का निपटान करते समय, दरवाज़ा/दरवाज़े के सील, कुंडी हटाएँ ताकि बच्चे या जानवर अंदर न फँस सकें।
  बच्चों पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि सुनिश्चित हो सके कि वे उपकरण के अंदर प्रवेश नहीं करते और उसके साथ खेलते नहीं हैं।
  - अंदर फँसने से बच्चे को चोट लग सकती है और दम घुटने से मौत हो सकती है।
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।

DA68-03199A-00.indb 9 2014. 11. 7. 9:00

उचित उपयोग के लिए अतिरिक्त युक्तियाँ

- बिजली चले जाने की स्थिति में अपनी बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय में कॉल करें और पूछें कि यह कब तक आएगी।
- एक या दो घंटे में ठीक हो जाने वाली अधिकांश बिजली की कटौतियाँ आपके रेफ़्रिजरेटर के तापमान को प्रभावित नहीं करेगी।
  तथापि, बिजली न रहने पर आपको दरवाज़ा खोलने की संख्या को कम करना होगा।
- अगर बिजली 24 घंटे से अधिक समय तक वापस नहीं आती है, तो सभी जमे हुए खाद्य-पदार्थ को बाहर निकाल लें।
- अगर रेफ़्रिजरेटर के साथ चाबियाँ प्रदान की गई हैं, तो चाबियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखना चाहिए और इन्हें उपकरण के पास नहीं छोड़ना चाहिए।
- जब उपकरण को अधिक समय तक तापमान की उस सीमा के अंतिम शीत बिंदु पर चलाया जाता है जिसके लिए उसे डिज़ाइन किया गया है, तो हो सकता है कि उपकरण संगत रूप से कार्य न करे (रेफ़्रिजरेटर में सामग्री के पिघलने या तापमान बहुत गर्म होने की संभावना है)।
- विशेष खाद्य पदार्थों के मामले में, उन्हें प्रशीतन के तहत रखने से उनके गुणों के संरक्षण पर बुरा असर हो सकता है।
- आपका उपकरण तुषार मुक्त है, जिसका अर्थ है कि अपने उपकरण को मैन्युअल रूप से विहिमीकृत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह स्वचालित रूप से हो जाएगा।
- विहिमीकरण के दौरान तापमान का बढ़ना ISO आवश्यकताओं के अनुपालन में हो सकता है। लेकिन अगर आप उपकरण के विहिमीकरण के दौरान जमें हुए भोजन के तापमान में अनावश्यक वृद्धि से बचना चाहते हैं, तो कृपया जमे हुए भोजन को समाचारपत्रों की कई परतों में लपेट दें।
- पूरी तरह गलाए गए फ़्रोज़न फ़ुड को दुबारा फ़्रीज़ न करें।
- इसमें क्योटो प्रोटोकोल द्वारा कवर की गई फ्लुओरीकृत ग्रीनहाउस गैसें शामिल हैं।
- वायुरुद्ध सील सिस्टम।
- गैसों का निकास वायुमंडल में न करें।
- रेफ़्रिजरेंट का प्रकार : R-134a
  मात्रा: 0.065 kg
  विश्वव्यापी तापक्रम वृद्धि की संभावना (GWP) = 1300

DA68-03199A-00.indb 10 2014. 11. 7. 9:00

बिजली की बचत करने की युक्तियाँ

- उपकरण को पर्याप्त हवा वाले एक ठंडे, सूखे कमरे स्थापित करें।
  सुनिश्चित करें कि यह सीधे सूर्य के प्रकाश के संपर्क में नहीं आ रहा है और कभी भी इसे गर्मी के प्रत्यक्ष स्रोत (उदाहरण के लिए रेडिएटर) के पास न रखें।
- ऊर्जा दक्षता के लिए किसी निकास द्वारा और ग्रिल को अवरुद्ध न करने की सिफ़ारिश की जाती है।
- गर्म भोजन को उपकरण में रखने से पहले भोजन को ठंडा होने दें।
- पिघलाने के लिए जमे हुए भोजन को रेफ्रिजरेटर में रखें।
  तब आप रेफ्रिजरेटर में भोजन को ठंडा करने के लिए जमे उत्पादों के निम्न तापमानों का उपयोग कर सकते हैं।
- भोजन रखते या बाहर निकालते समय उपकरण के दरवाज़े को बहुत देर तक खोलकर न रखें। आप जितने कम समय के लिए दरवाज़ा खोलेंगे, फ़्रीजर में उतनी कम बर्फ जमेगी।
- रेफ्रिजरेटर को पीछे और बाज़ू कोई अवरोध न रखते हुए संस्थापन की सिफ़ारिश की जाती है। इससे बिजली की खपत को कम करने और आपके बिजली की बिलों को कम बनाए रखने में मदद मिलेगी।

यह उपकरण केवल घरेलू या इसी प्रकार के स्थानों पर उपयोग किए जाने के लिए बनाया गया है, जैसे कि

- दुकानों, कार्यालयों और अन्य कार्यस्थलों में कर्मचारियों के लिए बने रसोईघरों में;
- फ़ार्म हाउस में और होटलों, मोटलों और अन्य आवासीय स्थानों पर क्लाइंट द्वारा;
- विश्राम और खान-पान वाले परिवेश में;
- केटरिंग और इसी प्रकार के गैर-खुदरा स्थानों पर।

DA68-03199A-00.indb 11 2014. 11. 7. 9:00

आपके रेफ़्रिजरेटर को सेट करना

रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के लिए तैयार होना

Samsung रेफ़्रिजरेटर खरीदने पर आपको बधाई।
हम आशा करते हैं कि आप बहुत सी अत्याधुनिक सुविधाओं और क्षमताओं का आनंद लेंगे जो यह नया उपकरण आपको प्रदान करेगा।

रेफ़्रिजरेटर के लिए सर्वोत्तम स्थान का चयन करना

- ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ पानी की आपूर्ति आसानी से हो सके।
- ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ सूर्य का प्रकाश सीधा न पड़ता हो।
- किसी समतल (या लगभग समतल) सतह वाले स्थान का चयन करें।
- किसी ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े आसानी से खुल सकें।
- ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ दाएँ, बाएँ, पीछे और ऊपर वायु के प्रवाह के लिए पर्याप्त स्थान हो।
- ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ रखरखाव या सर्विस की आवश्यकता पड़ने पर आप रेफ़्रिजरेटर को आसानी से घुमा सकें।
- रेफ़्रिजरेटर को ऐसे स्थान पर स्थापित न करें जहाँ तापमान 43 °C से अधिक या 5 °C से कम हो।

मूल मॉडल



स्टैंड मॉडल



	RR19		RR21		RR23	
	मूल	स्टैंड	मूल	स्टैंड	मूल	स्टैंड
गहराई "A"	564 mm	564 mm	564 mm	564 mm	564 mm	564 mm
चौड़ाई "B"	532 mm	548 mm	532 mm	548 mm	532 mm	548 mm
ऊँचाई "C"	1167 mm	1286 mm	1262 mm	1381 mm	1357 mm	1476 mm
संपूर्ण ऊँचाई "D"	1209 mm	1329 mm	1304 mm	1424 mm	1399 mm	1519 mm
गहराई "E"	594 mm	594 mm	594 mm	594 mm	594 mm	594 mm



- प्रत्येक माप, डिज़ाइन के आयाम पर आधारित होता है, इसलिए मापन विधि के आधार पर उसमें भिन्नता हो सकती है.

DA68-03199A-00.indb 12 2014. 11. 7. 9:00

सावधानी

रेफ़्रिजरेटर के पीछे के भाग को स्थापित, सर्विस या साफ़ करते समय इकाई को सीधे बाहर खींचना और कार्य समाप्त कर लेने के बाद इसे सीधे वापस धकेलना सुनिश्चित करें।
साथ-ही, यह सुनिश्चित करें कि आपकी सतह पूरी तरह भरे रेफ़्रिजरेटर का समर्थन करती हो।
अन्यथा, इससे सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

सावधानी

बिजली के अतिरिक्त तार को कृपया रेफ़्रिजरेटर के पीछे बाँध दें, ताकि वे सतह से स्पर्श न करें और स्थानांतरित करते समय बिजली के तार रोलर द्वारा कुचले न जाएँ।

सतह

उचित स्थापना के लिए, रेफ़्रिजरेटर को ऐसी समतल, ठोस-पदार्थ की सतह पर रखा जाना चाहिए जिसकी ऊँचाई बाकी सतह के समान हो।
यह सतह पूरी तरह से भरे रेफ़्रिजरेटर का समर्थन करने में सक्षम होनी चाहिए।
तल की फ़िनिश को सुरक्षित करने के लिए, कार्डबोर्ड के डब्बे का एक बड़ा भाग काटें और उसे रेफ़्रिजरेटर के नीचे उस स्थान रखें जहाँ आप काम कर रहे हैं।

रेफ़्रिजरेटर को खींचने या ढकेलने से सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।
रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के बाद उसे स्थानांतरित करने से सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।



रेफ़्रिजरेटर को समतल करना

रेफ़्रिजरेटर की अस्थिरता के कारण होने वाले खतरे से बचने के लिए, कृपया रेफ़्रिजरेटर को क्षैतिज और स्थापना के निम्न निर्देशों के अनुसार समतल किए गए स्थान पर रखें।

ऐसा करने में विफल रहने पर रेफ़्रिजरेटर झुक सकता है और निजी चोट लग सकती है।

यदि उपकरण का सामने का भाग, पिछले भाग से थोड़ा सा ऊँचा हो, तो दरवाज़ा अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है।



स्थिति 1) उपकरण बाईं ओर झुक जाता है।

- बाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ, जब तक कि उपकरण समतल नहीं हो जाता।

स्थिति 2) उपकरण दाईं ओर झुक जाता है।

- दाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ, जब तक कि उपकरण समतल नहीं हो जाता।

DA68-03199A-00.indb 13 2014. 11. 7. 9:00

आपके रेफ़्रिजरेटर का संचालन

तापमान नियंत्रण समायोजन



डायल "सामान्य" बिंदु पर होना (4 नं.)

- भोजन स्टोर करने के लिए अनुकूलतम तापमान बनाए रखने हेतु, नियंत्रण डायल को "4" स्थिति पर रखें।

डायल "अत्यधिक ठंडा" बिंदु

- नियंत्रण डायल को "अत्यंत ठंडा" की स्थिति पर सेट करने पर, रेफ़्रिजरेटर सबसे ठंडा हो जाता है।
- भोजन की अत्यधिक मात्रा स्टोर किए जाने पर, त्वरित रूप से बर्फ़ बनाने के लिए नियंत्रण डायल को "अत्यंत ठंडा" की स्थिति पर सेट करें।

डायल "ठंडा" बिंदु पर:

- नियंत्रण डायल को "ठंडा" की स्थिति पर सेट करने पर, रेफ़्रिजरेटर का तापमान अधिक गरम हो जाता है।
- जब भोजन की कम मात्रा स्टोर की जाती है।

- यदि जहाँ रेफ़्रिजरेटर रखा गया है वहाँ का तापमान 5 °C से कम है, तो तापमान नियंत्रण को ठंडा पर सेट करें। रेफ़्रिजरेटर के आस-पास के तापमान से रेफ़्रिजरेटर का तापमान प्रभावित होने के कारण, वह निर्धारित मान से बहुत कम होगा।
- ऊपर उल्लिखित नॉब सेटिंग के अलावा, यदि आप कूलिंग को बढ़ाना या कम करना चाहते हैं, तो नॉब को अपने इच्छित अंशों तक घड़ी की दिशा में या घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ।

विहिमीकरण या बर्फ़ कैसे गलाएँ

1. बर्फ़ बनाने वाले कंपार्टमेंट की दीवारों पर तुषार/जमी हुई बर्फ़ की परत की मोटाई जाँचें।
   यदि अधिक तुषार जम गया है, तो कृपया विहिमीकृत करें।



2. बर्फ़ गलाने के लिए विहिमीकरण बटन को दबाएँ।
   वाष्पीकरण की सतह पर बर्फ़ पिघलने लगेगा और उसे आसानी से हटाया जा सकेगा।
   विहिमीकरण पूरा होने के बाद, रेफ़्रिजरेटर स्वचालित रूप से चालू हो जाएगा।

विहिमीकरण या डिफ़्रॉस्ट बटन



3. बर्फ़ बनाने वाले कंपार्टमेंट से बर्फ़ निकालने के लिए, किसी नुकीले उपकरण, चाकू या स्क्रू ड्राइवर का उपयोग न करें।

DA68-03199A-00.indb 14 2014. 11. 7. 9:00

कूल पैक स्थापना (मॉडल पर निर्भर करते हुए)

चिल्लर ट्रे कूल पैक

1. रेफ्रिजरेटर के ऊपरी हिस्से में चिल्ड ट्रे कूल पैक से प्लास्टिक बैग और टेप हटाएँ।



2. रेफ्रिजरेटर के अंदर से चिल्ड रूम ट्रे बाहर निकालें।



3. दिखाए गए तरीक़े से चिल्ड रूम में कूल पैक रखें।

EVAP कूल पैक

1. रेफ्रिजरेटर के ऊपरी हिस्से में EVAP कूल पैक से प्लास्टिक बैग और टेप हटाएँ।



2. रेफ्रिजरेटर के अंदर फ़्रीज़र का कवर खोलें और अंदर रखने के लिए EVAP कूल पैक को तिरछे झुकाएँ।



3. दिखाए गए तरीक़े से रेफ्रिजरेटर के निचले हिस्से में कूल पैक रखें।



DA68-03199A-00.indb 15 2014. 11. 7. 9:00

बर्फ़ तैयार करना

1. ट्रे को 80% जल-स्तर तक भरें।
2. आइस ट्रे को फ़्रीज़र के सबसे ऊपरी दराज़ में रखें।
3. आइस क्यूब बनने तक प्रतीक्षा करें।
4. आइस क्यूब बाहर निकालने के लिए ट्रे को थोड़ा मोड़ें।



फ़्रीज़ होने का समय

यह सिफ़ारिश की जाती है, कि तापमान नियंत्रण को फ़्रीज़र के अधिकतम या "अत्यंत ठंडा" पर सेट करने के बाद आइस क्यूब बनने के लिए आप लगभग 1~2 घंटों तक प्रतीक्षा करें।

विस्फोट का खतरा

सावधानी

- रेफ़्रिजरेटर का सबसे ठंडा भाग सुपर फ़्रीज़र ज़ोन है। यह संवेदनशील खाद्य-सामग्री संग्रहीत करने के लिए सर्वोत्तम स्थान है।
- द्रव से भरी काँच की बोतलों को फ़्रीज़र में कभी-भी संग्रहीत नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि सामग्री के फ़्रीज़ हो जाने पर काँच टूट कर बिखर सकता है।

DA68-03199A-00.indb 16 2014. 11. 7. 9:00



चित्र में दिए गए कुछ भाग मॉडल और विकल्प के आधार पर आपके रेफ़्रिजरेटर से भिन्न हो सकते हैं।

चेतावनी

- अगर आप बहुत अधिक समय के लिए बाहर जाने की योजना बनाते हैं, तो रेफ़्रिजरेटर को खाली करें और उसे बंद कर दें। उपकरण के भीतर से अधिक नमी को पोंछ दें और दरवाज़ों को खुला छोड़ दें।
  यह दुर्गंध और फफूँद को उत्पन्न होने से रोकता है।
- यदि लंबे समय तक रेफ़्रिजरेटर का उपयोग नहीं होगा, तो बिजली का प्लग निकाल दें।

DA68-03199A-00.indb 17 2014. 11. 7. 9:00

अंदरूनी भाग हटाना

रेफ़्रिजरेटर शेल्फ़

शेल्फ़ को आगे की ओर खींचे जब तक कि वह स्टॉपर से न मिल जाए।
शेल्फ़ के आगे वाले हिस्से को ऊपर उठाएँ और बाहर खींचें।



सब्जी का बॉक्स

सब्जी के नमीयुक्त बॉक्स को आगे खींचें और उसे रेफ़्रिजरेटर के बाहर निकाल लें।
कवर को ऊपर उठाएँ और उसे रेफ़्रिजरेटर के बाहर खींच लें।



गार्ड वेराइटी

गार्ड वेराइटी को ऊपर उठाएँ और उसे किनारे पर कर दें
(यह युटिलिटी गार्ड समायोजन योग्य है और इसे आपकी ज़रूरतों के अनुकूल स्थापित किया जा सकता है।)



गार्ड जंबो

गार्ड को ऊपर उठाएँ और उसे किनारे पर कर दें।
(यह गार्ड जंबो समायोजन योग्य नहीं है;यह केवल एक ही स्थिति में फ़िट होता है।)



चिल्लर कंपार्टमेंट

चिल्लर कंपार्टमेंट को अपनी ओर खींचे जब तक कि वह स्टॉपर से न मिले। उसके आगे वाले हिस्से को ऊपर झुकाएँ और कंपार्टमेंट को बाहर खींचें।



DA68-03199A-00.indb 18 2014. 11. 7. 9:00

रेफ़्रिजरेटर को साफ़ करना

चेतावनी

सफ़ाई के लिए बेन्ज़ीन, थिनर या Clorox™ का उपयोग न करें। वे उपकरणों की सतह को नुकसान पहुँचा सकते हैं और आग का ख़तरा पैदा कर सकते हैं।

लेड लैम्प को बदलना

1. सॉकेट से बिजली के प्लग को निकाल दें।
2. ट्रे पार्टीशन और शेल्फ़ हटाएँ।
3. लैम्प कवर हुक को दोनों ओर धक्का दें और फिर लैम्प कवर को बाहर निकालें।



4. लैम्प को घड़ी की सुई की उल्टी दिशा में घुमाएँ।
5. मूल जैसे समान विनिर्देशन वाला नया लैम्प बदलें।

चेतावनी

लैम्प बदलने से पहले बिजली की आपूर्ति को डिस्कनेक्ट करें।

DA68-03199A-00.indb 19 2014. 11. 7. 9:00

समस्या निवारण

समस्या	समाधान
उपकरण बिल्कुल कार्य नहीं कर रहा है या तापमान बहुत अधिक या कम है।	• जाँचें कि पावर प्लग ठीक से कनेक्ट किया गया है या नहीं। • क्या सामने वाले पैनल पर तापमान नियंत्रण सही तरह सेट किया गया है? • क्या उपकरण को सीधे धूप में या किसी गरम स्रोत के पास रखा गया है? यदि हाँ, तो वह ठीक तरह ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। कृपया उसे ऐसी जगह रखें जहाँ सीधे धूप न पड़ती हो और ताप स्रोत समीप न हो। • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है? यदि हाँ, तो वह पर्याप्त रूप से ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। उसे दीवार से उचित दूरी पर रखें। • क्या अंदर बहुत अधिक खाद्य-सामग्री है जिससे खाद्य-पदार्थ निकास वायु-मार्ग को बाधित कर रहा है? रेफ़्रिजरेटर को उपयुक्त तापमान पर रखने के लिए, रेफ़्रिजरेटर में बहुत अधिक खाद्य-सामग्री न भरें।
रेफ़्रिजरेटर में रखा भोजन जमा हुआ है।	• क्या तापमान नियंत्रण या नियंत्रण पैनल सबसे ठंडे तापमान पर सेट है? • क्या परिवेशी तापमान बहुत कम है?
असामान्य शोर सुनाई देता है।	• जाँचें कि क्या उपकरण को किसी स्थिर और समतल सतह पर स्थापित किया गया है। • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है? • क्या कोई बाह्य चीज़ें उपकरण के पीछे या उसके नीचे गिरी हुई हैं? • क्या उपकरण में कंप्रेसर से शोर उत्पन्न हो रहा है? • जब बहुत से सहायक उपकरण संकुचित या विस्तृत होते हैं, तो टिक-टिक की ध्वनि होती है।
उपकरण के सामने के कोने और बाज़ू गर्म हैं और संघनन निर्मित होने लगता है।	• संघनन निर्मित होने से रोकने के लिए उपकरण के सामने के कोनों पर गर्मी-रोधी पाइप स्थापित किए जाते हैं। जब आसपास का तापमान बढ़ता है, तो हो सकता है, कि यह सदैव प्रभावी न हो। तथापि, यह असामान्य नहीं है। • बहुत नम मौसम में, संघनन, उपकरण की बाह्य सतह पर तब हो सकता है जबकि हवा में मौजूद नमी उपकरण की ठंडी सतह के संपर्क में आती है।
आपको उपकरण में तरल पदार्थ के बुदबुदाने की आवाज़ सुनाई दे सकती है।	• यह रेफ़्रिजरेंट है, जो उपकरण के आंतरिक भाग को ठंडा करता है।
उपकरण के भीतर बदबू हो रही है।	• क्या कोई भोजन आइटम खराब हो गया है? • सुनिश्चित करें की तीक्ष्ण गंध वाला भोजन (उदाहरण के लिए मछली) को लपेटा गया है ताकि वह वायुरुद्ध रहे। • समय-समय पर अपने फ़्रीज़र की सफ़ाई करें और ख़राब खाद्य-पदार्थ फेंक दें। फ़्रिज के अंदर सफ़ाई करते समय, खाद्य-पदार्थों को कहीं और स्टोर करें और उपकरण का प्लग बाहर निकालें। 2-3 घंटे बाद सूखे कपड़े से साफ़ करें और फिर रेफ़्रिजरेटर के अंदर वायु-संचार होने दें।
उपकरण की दीवारों पर तुषार की परत मौजूद है।	• क्या निकास वायु-मार्ग रेफ़्रिजरेटर के अंदर संग्रहीत खाद्य-पदार्थों से अवरुद्ध हो गए हैं? • वायुसंचार को बेहतर बनाने के लिए अधिकाधिक खाद्य-पदार्थ बाहर निकाल दें। • यदि फ़्रीज़र की दराज़ पूरी तरह बंद न हो या अवरुद्ध हो, तो बाहरी नमी अंदर प्रवेश कर सकती है और अत्यधिक तुषार निर्मित हो सकता है।
संघनन, उपकरण के भीतर की दीवार पर और सब्ज़ियों के आस-पास होता है।	• पानी की अधिक मात्रा वाले खाद्य-पदार्थों को ढके बिना नमी के उच्च स्तर पर स्टोर किया गया है या दरवाज़ा अधिक समय तक खुला छोड़ा गया है। • खाद्य-पदार्थों को ढक कर या सीलबंद पात्रों में स्टोर करें।
फ़्रीज़र और रेफ़्रिजरेटर में लैम्प को चालू नहीं किया गया है।	• यदि फ़्रीज़र और रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े 2 सेकंड या अधिक समय तक अगल-बग़ल में खुले रहें तो लैम्प नहीं जलेंगे। दरवाज़े बंद करें और फिर उन्हें पुनः खोलें।

DA68-03199A-00.indb 20 2014. 11. 7. 9:00

मेमो

परिवेशी कक्ष तापमान की सीमाएँ

इस रेफ़्रिजरेटर को रेटिंग प्लेट पर चिह्नित इसकी तापमान श्रेणी द्वारा निर्दिष्ट परिवेशी तापमानों पर संचालन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

श्रेणी	प्रतीक	परिवेशी तापमान श्रेणी (°C)	
		IEC 62552 (ISO 15502)	ISO 8561
अधिक समशीतोष्ण	SN	+10 से +32	+10 से +32
समशीतोष्ण	N	+16 से +32	+16 से +32
उपोष्णकटिबंधीय	ST	+16 से +38	+18 से +38
उष्णकटिबंधीय	T	+16 से +43	+18 से +43

आंतरिक तापमान कुछ कारकों से प्रभावित हो सकते हैं जैसे फ़्रिज/फ़्रीज़र का स्थान, परिवेशी तापमान और आपके द्वारा दरवाज़ा खोले जाने की आवृत्ति। इन कारकों की प्रतिपूर्ति करने के लिए तापमान को आवश्यकतानुसार समायोजित करें।

हिंदी

इस उत्पाद का सही निपटान

(अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण)

(उन देशों में लागू है, जिनमें पृथक एकत्रीकरण सिस्टम हैं)

उत्पाद, सहायक उपकरणों या साहित्य पर यह चिह्नांकन यह संकेत देता है कि उत्पाद और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों (उदा चार्जर, हेडसेट USB केबल) का निपटान उनके कार्यशील अवधि की समाप्ति पर अन्य घरेलू अपशिष्ट पदार्थों के साथ नहीं किया जाना चाहिए। अपशिष्ट के अनियंत्रित निपटान से पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को होने वाली संभावित हानि से बचने के लिए कृपया इन आइटम को अन्य प्रकार के अपशिष्ट से पृथक करें और सामग्री संसाधनों के दीर्घकालीन पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें जिम्मेदारी से रिसायकल करें।

इन आइटम को पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित रिसायकल हेतु ले जाने के स्थान और तरीके के विवरण के लिए घरेलू उपयोगकर्ताओं को उस खुदरा विक्रेता से, जहाँ से उन्होंने इसे खरीदा है, या अपने स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

व्यावसायिक उपयोगकर्ताओ को उनके आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क करना चाहिए और क्रय संविदा की नियमों और शर्तों की जाँच करनी चाहिए। इस उत्पाद को और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों को निपटान के लिए अन्य वाणिज्यिक अपशिष्ट पदार्थों के साथ मिलाना नहीं चाहिए।

SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें
यदि Samsung उत्पादों के संबंध में आपके कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं,
तो कृपया SAMSUNG ग्राहक सहायता केंद्र से संपर्क करें।

Samsung India Electronics Pvt. Ltd. दूसरा, तीसरा और चौथा तल, टॉवर-C, विपुल टेक स्क्वेयर,
सेक्टर 43, गोल्फ़ कोर्स रोड, गुड़गाँव, हरियाणा, भारत-122002
1800 3000 8282 - टोल फ़्री
1800 266 8282 - टोल फ़्री
30308282 - गैर टोल-फ़्री
www.samsung.com/in/support

DA68-03199A-00